कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 30.11.2024

विषय:- चोरी के अभियोग में वांछित दो नफर शातिर चोर थाना चौक पुलिस द्वारा गिरफ्तार, चोरी के आभूषण, 01 अदद चाँदी की सिल्ली कुल वजन 04 किलो 797 ग्राम व 5,63,240 रू0 नगद बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त दशाश्वमेध व प्रभारी निरीक्षक चौक के नेतृत्व में थाना चौक पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-125/2024, धारा- 306 BNS थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्त 1. रोहित कुमार स्व. गणेश प्रसाद नि0 K 40/23 भूतही इमली, भैरवनाथ थाना कोतवाली उम्र करीब 34 वर्ष 2. शिवम सेठ पुत्र विजय कुमार सेठ नि0 K 30/76 भैरव बाजार चौखम्भा थाना कोतवाली वाराणसी उम्र करीब 26 वर्ष को मय चोरी के सामान 01 अदद चाँदी की सिल्ली कुल वजन 04 किलो 797 ग्राम, (01 अदद चांदी का कड़ा, 02 अदद चाँदी का ब्रेसलेट, 01 अदद चांदी की चेन, 06 अदद चांदी की अंगूठी, कुल संयुक्त वजन 246 ग्राम) 01 जोड़ी सोने का झुमका कुल वजन 4.87 ग्राम व 5 लाख 63 हजार 240 रु0 (5,63,240 रू0) नगद के साथ पशुपतेश्वर गली के मोड़ के पास से दिनांक- 29.11.2024 को गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चौक पुलिस द्वारा पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण:- थाना चौक क्षेत्र के हनी ज्वेलर्स के मालिक के द्वारा दिनांक 27.11.2024 को अपने दुकान के कर्मचारी व उसके साथी के द्वारा दुकान से चाँदी व अन्य सामान चोरी करने के सम्बन्ध में थाना चौक पर प्रार्थना पत्र दिया गया था। प्रार्थना पत्र के आधार थाना चौक पर मु0अ0सं0-125/2024 धारा 306 बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास:-

1. मु0अ0सं0- 125/2024 धारा 306, 317(2), 317(5) BNS थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।

अभियुक्त का विवरण:-

1. रोहित कुमार स्व. गणेश प्रसाद नि0 K 40/23 भूतही इमली, भैरवनाथ थाना कोतवाली उम्र करीब 34 वर्ष।
2. शिवम सेठ पुत्र विजय कुमार सेठ नि0 K 30/76 भैरव बाजार चौखम्भा थाना कोतवाली वाराणसी उम्र करीब 26 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय:- स्थान- पशुपतेश्वर गली के मोड़ के पास, दिनांक 29.11.2024

बरामदगी का विवरणः-

1. एक अदद चाँदी की सिल्ली कुल वजन 04 किलो 797 ग्राम, (01 अदद चांदी का कड़ा, 02 अदद चाँदी का ब्रेसलेट, 01 अदद चांदी की चेन, 06 अदद चांदी की अंगूठी, कुल संयुक्त वजन 246 ग्राम) 01 जोड़ी सोने का झुमका कुल वजन 4.87 ग्राम व 5,63,240 रू0 नगद।

पूछताछ विवरणः- पकड़े गये अभियुक्तगण से पूछताछ करने पर क्रमशः अपना अपना नाम बताया 1. रोहित कुमार स्व. गणेश प्रसाद नि0 K 40/23 भूतही इमली, भैरवनाथ थाना कोतवाली उम्र करीब 34 वर्ष 2. शिवम सेठ पुत्र विजय कुमार सेठ नि0 K 30/76 भैरव बाजार चौखम्भा थाना कोतवाली वाराणसी उम्र करीब 26 वर्ष तथा रोहित ने बताया कि मैं हनी ज्वेलर्स में काम करता हूँ। पिछले दीपावली से मेरे मन में लालच आ गया और मैंने अपने मित्र शिवम सेठ से सम्पर्क किया तथा अपना प्लान बताया कि मैं अपने मालिक हनी ज्वेलर्स की दुकान से चोरी करुँगा और मैं जब तुमको फोन करुँगा तो तुम हनी ज्वलेर्स दुकान पर एक बैग लेकर आ जाना। इस तरह से हम दोनों ने चोरी का प्लान बनाया और मैं हनी ज्वेलर्स में चाँदी की सिल्ली चोरी करके व अन्य सामान अलग अलग दिनों में चोरी करता रहा तथा अपने मित्र शिवम को फोन के जरिये बैग लेकर दुकान पर बुलाकर उसके बैग में रख देता था और फिर हमलोग बाद उसको गला कर बेच देते थे।

बरामद एवं गिरफ्तार करने वाली टीम: -

1. प्रभारी निरीक्षक श्री विमल कुमार मिश्रा थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री विकल शाण्डिल्य थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 श्री आदित्य कुमार राय थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।
4. हे0का0 अमरेन्द्र सिंह चौक कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।